## Appendix K

Torrance Test of Creative Thinking (Form A)

अभ्यास १ - ३

पूछिये तथा अनुमान कीजिए

पहले तीन अभ्यास निम्न चित्र पर आधारित होंगे। ये अभ्यास आपको पहचानने का अवसर देंगे कि आप जिन वस्तुओं के बारे में नहीं जानते उनके बारे में प्रश्न पूछने में तथा लगाने में कितने कुशल हैं। और परिणामों के अनुसार अनुमान लगाने में कितने कुशल हैं। इस चित्र को देखें तथा सोचें कि इस चित्र में क्या हो रहा है? आप इस विषय में निश्चित रूप से क्या कह सकते हैं? आपको यह जानने के लिए कि क्या घटना घट रही है। किन किन बातों के जानने की आवश्यकता है, यह घटना क्यों घटी तथा इसके परिणाम क्या होंगे।

कृति ।

पूछिये

इस पृष्ट पर आप पहले चित्र के विषय में जितने प्रश्न सोच सकते है लिखें। ऐसे सब प्रश्न लिखें जो इस चित्र की घटनाओं को समझने के लिए आपको आवश्यक लगते हैं। ऐसे प्रश्न न लिखें जिनका उत्तर केवल चित्र को देख कर दिया जा सकता है। आप सामने दिये गए चित्र को जितनी बार देखना चाहें देख सकते हैं।

कृति २

## कारणों का अनुमान

पहले चित्र में जो घटना दिखाई गई हैं उस घटना के होने के जितने सम्भावित कारण आप सोच सकते है, लिखें । कारणों का अनुमान करने में इस घटना से पहले घटी घटनायें जो इससे सम्बन्धित हैं और जिनके कारण प्रस्तुत घटना घटी हैं का भी प्रयोग कर सकते हैं । आप जितने भी अनुमान लगा सकते है लगाने का प्रयत्न करें । अनुमान लगाने में संकोच न करें ।

कृति ३

## परिणामों का अनुमान

पहले चित्र में दिखाई गई घटित होने वाली घटना से सम्बन्धित जितने भी संभावित परिणाम हो सकते हैं, लिखें। आप परिणामों को सोचने में प्रस्तुत घटना के तुरन्त, बाद अथवा बहुत दिनों बाद हो सकतने वाली घटनाओं का प्रयोग भी कर सकते हैं। बिना किसी संकोच के आप जितने भी अधिक अनुमान लगा सकते हैं लगाएं।



कृति ४

## वस्तु संशोधन

चित्र २ में एक हाथी के खिलौने का चित्र बना हुआ है जिसे आप एक दो रुपये में किसी भी खिलौने की दुकान से खरीद सकते हैं। यह खिलौना लगभग छ इंच लम्बा तथा २५० ग्राम वजन का होगा। आप अगले पृष्ठ पर अधिक से अधिक ऐसे तरीके लिखें जिन से कि इस खिलौने को बदल कर बच्चों के खेलने के लिए और भी अधिक मजेदार बनाया जा सके। ये तरीके बहुत ही बुद्धिमतापूर्ण, मजेदार तथा अनोखे ढंग के होने चाहिए। इस तरीकों को लिखते समय आप इस बात की चिन्ता न करें कि इस खिलौने को बदलने के लिए कितना व्यय होगा। केवल इस बात का ध्यान रखें कि इसको बदल कर किस प्रकार खेलने के लिए अधिक मजेदार बनाया जा सकता है।



कृति ५

## अनोखे प्रयोग

अधिकतर लोग खाली गत्ते के डिब्बों को फेंक देते हैं, परन्तु इसके हजारों रूचिकर एवं अनोखे प्रयोग हैं। आप उनके कितने भी रूचिकर तथा अनोखे प्रयोग सोच सकते है लिखें। ये प्रयोग लिखते समय किसी एक आप के डिब्बे को ध्यान में न रखें। आप सब के डिब्बों में प्रयोगों के बारे में लिख सकते हैं। आप इन डिब्बों के केवल उन्हीं लोगों तक सीमित न हों जिनके बारे में आपने सुना है या उनके जैसे प्रयोग होते देखे हैं बल्कि आप डिब्बों के नये - २ प्रयोग सोचने और लिखने का प्रयत्न करें।

कृति ६

## अनोखे प्रश्न

इस अभ्यास में आप गले के डिब्बों के विषय में जितने अधिक प्रश्न सोच सकते हैं लिखें। ऐसे प्रश्न लिखें जिसके विभिन्न प्रकार के उत्तर हो सकें तथा जो दूसरों में भी डिब्बों के बारे में विचार तथा जिज्ञासा उत्पन्न करें सकें। आप डिबों के विधिवत पहलुओं के बारे में उन प्रश्नों को सोचने का प्रयत्न करें जो प्राय: लोग नहीं सोचते।

कृति ७

## असंभव घटनायें

अब आपको एक असंभव घटना दी जाएगी - असंभव, अर्थात् जो कभी हो ही नहीं सकता। आपको ऐसा जानना होगा कि ऐसा हुआ ही है। इस असंभव घटना के संभव हो जाने से आपको उस सभी रूचिकर परिणामों के विषय में कल्पना करने का अवसर मिलेगा जो इस घटना के घटित हो जाने पर हो सकते हैं।

आप कल्पना कीजिए कि जो घटना बताईजा रही है, वह घटित होती ही थी

तब आप उन सभी बातों पर विचार करें जो इसके कारण घटित हो सकती हैं। दूसरे शब्दों में क्या - क्या परिणाम होंगे ? जितने भी अनुमान आप लगा सकते हैं, लगाएं।

घटना -- बादलों के साथ धागे लगे होते जो कि पृथ्वी तक लटके होते। तब क्या होता ? अपने विचार और अनुमानों की सूची दीजिए।

